# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग,नैनीताल।

E-mail:dfonainital@gmail.com Telefax.05942-236790

पत्रांकः— 712 / 12—इन्द्र सिंह बर्गली दिनांक 12/ 9 /2022

सेवा में,

वन संरक्षक,
दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त,
उत्तराखण्ड, नैनीताल।

विषय :— **जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र भीमताल में शहीद इन्द्र सिंह बर्गली मोटर मार्ग से खनस्यूं तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.70 है० वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।**

संदर्भ :— **अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण इन्दिरानगर फौरेस्ट कालोनी उत्तराखण्ड देहरादून का पत्रांक 2733/FP/UK/ROAD/14024/2021 दिनांक 12.5.2022 एवं अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग, भवाली नैनीताल की पत्र संख्या 1309/8सी० दिनांक 23.08.2022।**

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयक प्रस्ताव पर आपत्तियां लगायी गयी थी, जिनका प्रतिउत्तर प्रस्तावक विभाग द्वारा अपने संदर्भित पत्र द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है—

| क्र0सं0 | आपत्ति | प्रतिउत्तर |
|---|---|---|
| 1 | प्रेषित की गयी सूचना के बिन्दु संख्या 2 के अनुपालन में प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा भरे जाने वाले प्रपत्र भाग—2 में अभी भी हरियाली के घनत्व का उल्लेख नहीं किया गया है, जबकि प्रेषित की गयी सूचना में हरियाली का घनत्व अंकित कर दिया गया है का उल्लेख किया गया है। स्थिति स्पष्ट करें। | हरियाली का घनत्व अंकित कर दिया गया है। |
| 2 | बिन्दु संख्या —4 के प्रतिउत्तर में स्पष्ट किया गया है कि ल०Xचौ० के प्रमाण पत्र व संयुक्त निरीक्षण आख्या में वन पंचायत की भूमि की ल0चौ0 को ठीक कर दिया गया है जो कि नहीं किया गया है। स्थिति स्पष्ट करें। | प्रस्ताविक विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि ल०Xचौ० के प्रमाण पत्र व संयुक्त निरीक्षण आख्या में वन पंचायत की भूमि की ल0चौ0 को ठीक कर दिया गया है प्रति संलग्न है। |
| 3 | बिन्दु संख्या 7 के प्रतिउत्तर में उल्लेख किया गया है कि क्षतिपूरक वृक्षारोपण की योजना निर्धारित दरों के अनुसार तैयार कर प्रस्ताव में संलग्न कर दी गयी है, जो कि नहीं की गयी है। | क्षतिपूरक वृक्षारोपण की योजना निर्धारित दरों के अनुसार तैयार कर पुनः संलग्न कर प्रेषित है। |

संलग्नक :— उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल

पत्रांक / उक्तदिनांकित।

1. प्रतिलिपि अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फौरेस्ट कॉलौनी, उत्तराखण्ड देहरादून को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. प्रतिलिपि अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग, भवाली को उनके संदर्भित पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल

प्रारूप–ख

**परियोजना विवरण :– जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत शहीद इन्द्र सिंह बर्गली मार्ग से खनस्यू तक मोटर मार्ग का निर्माण। (लम्बाई 5.200 किमी0)** (मा0 मुख्यमंत्री घोषणा सं0 329/2019)

## प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का प्रारूप

आज दिनांक 19.11.2020 को अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0 भवाली के द्वारा किमी01.00 से किमी0 5.200 तक बनाये जाने वाले मार्ग/प्रस्तावित परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से वन दरोगा श्री मिनसुल कुमार वन क्षेत्र खनस्यू , राजस्व विभाग की ओर से राजस्व उपनिरीक्षक श्री शकील अहमद पटटी च्यूडीगाड तहसील धारी प्रस्तावक विभाग की ओर से सहायक अभियन्ता श्री दीप चन्द तिवाडी एंव कनिष्ठ अभियन्ता श्री वाहिद हुसैन(अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0 भवाली) तथा स्थानीय प्रतिनिधि के रुप में ग्राम प्रधान के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें नाप भूमि 2200.00 (मी0), सिविल भूमि –शून्य (मी0) वन पंचायत– 2500.00 (मी0) आरक्षित वन भूमि– 500.00 (मी0) प्रभावित होगी एव इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल नाप भूमि 1.98 है0, सिविल भूमि,–शून्य है0 वन पंचायत भूमि –2.25 है0 तथा आरक्षित वन भूमि –0.45 है0 की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 2.70 है0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग 536 वृक्ष विभिन्न प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे,जिनमे से 1बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे ।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें 3850.00(मी0) नाप भूमि, शून्य (मी0) सिविल भूमि, 3000.00 (मी0) वन पंचायत, 1150.00 (मी0) आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 3.465 है0 नाप भूमि, शून्य है0 सिविल भूमि, 2.7 है0 वन पंचायत भूमि, 1.035 है0 आरक्षित वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 3.735 है0 वनभूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग 750 वृक्ष विभिन्न प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे,जिनमें से 1 बांज प्रजाति का प्रभावित होंगे ।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एव उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण आरक्षित वन 1,5,कक्षों से गुजरेगा/में स्थित है। इन कक्षों की वर्तमान वन आच्छादन 0.4 है एव इन कक्षों में,चीड साल आवला कुकाट सुरई आदि प्रजाति के वन हैं। प्रभावित होने वाली नाप भूमि पर 1बांज क वृक्ष हैं एव प्रभावित होने वाली आरक्षित/वनपंचायत तथा नाप भूमि पर साल, बांज कुकाट प्रजाति के वन है जिनका वर्तमान वन आच्छादन होना है। चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का GPS मान **79°44'18.12" E, 29°19'3.72" N** है तथा यह स्थल गल्ला ओखलकांडा से प्रारम्भ होता है तथा समरेखण का अन्तिम स्थल खनस्यूं है जिसका मान 79°44'7.50" E, 29°18'18.67" N है। चुने गये समरेखण/स्थल के बीच के स्थलों के GPS मान सलग्न है।

चयनित उपयुक्त स्थल / समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क / वन्य जीव अभयारण्य का हिस्सा नहीं है।

चयनित उपयुक्त स्थल / समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारो का हनन नहीं होगा

अमीन

कनिष्ठ / अपर सहायक अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो.नि.वि
भवाली

सहायक अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो.नि.वि
भवाली

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो.नि.वि
भवाली

(वन विभाग)

(राजस्व विभाग)

तहसीलदार

## प्रारुप—16

परियोजना विवरण :— जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत शहीद इन्द्र सिह बर्गली मार्ग सें खनस्यू तक मोटर मार्ग का निर्माण। (लम्बाई 5.200 किमी0)(माननीय [illegible] घोषणा सं. [illegible]29/2016)

परियोजना की लम्बाई—चौड़ाई का विवरण।

| क्र0सं0 | भूमि की श्रेणी | लम्बाई (मीटर में) | चौड़ाई (मीटर में) | कुल क्षेत्रफल (हे0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आरक्षित वन भूमि | 500.00 | 9.00 | 0.4500 |
| 2 | सिविल सोयम भूमि | 0.00 | 0.00 | 0.0000 |
| 3 | वन पंचायत भूमि | 2500.00 | 9.00 | 2.2500 |
| 4 | अन्य श्रेणी की वन भूमि (यदि लागू हो) | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | वन भूमि का योग | 3000.00 | 9.00 | 2.7000 |
| 5 | नाप भूमि | 2200.00 | 9.00 | 1.9800 |
| | **कुल योग—** | **5200.00** | | **4.6800** |

कनिष्ठ / अपर सहायक अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो.नि.वि.
भवाली

सहायक अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो.नि.वि.
भवाली

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो.नि.वि.
भवाली

वन क्षेत्राधिकारी
दक्षिणी गौला रेंज
नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल

जिलाधिकारी
नैनीताल

तहसीलदार
धारी, जिला—नैनीताल

# क्षतिपूरक वृक्षारोपण योजना

परियोजना का नाम— जनपद नैनीताल में माननीय मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र भीमताल में शहीद इन्द्र सिंह बर्गली मोटर मार्ग से खनस्यूं तक मोटर मार्ग का निर्माण।

वृक्षारोपण स्थल का नाम :— सिविल सोयम भूमि मल्ला ओखलकाण्डा क्षेत्रफल 2.7X2 = 5.4 है0

वन क्षेत्र — दक्षिणी गौला वन क्षेत्र, नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल।

क्षतिपूकर वृक्षारोपण की योजना दर रू 407992 प्रति है0

| कम संख्या | कार्य विवरण | संख्या | नपत | | | मात्रा | इकाई | दर | धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | ल0 | चौ0 | ऊ0 | | | | |
| 1 | सर्वे व सीमांकन कार्य | | | | | 5.4 | Hact. | 153 | 826.20 |
| 2 | क्षेत्रीय सफाई व झाड़ी कटान | | | | | 5.4 | Hact. | 921 | 4973.40 |
| 3 | अग्रिम दीवारबन्दी फेसिंग | | | | | 5.4 | Hact. | 44940 | 242676.00 |
| 4 | अग्रिम मृदा कार्य | | | | | 5.4 | Hact. | 13200 | 71280.00 |
| 5 | निरीक्षण बटिया बनाना | | | | | 5.4 | Hact. | 764 | 4125.60 |
| 6 | पौधे की कीमत प्रथम वर्ष बाजार मूल्य | | | | | 5.4 | Hact. | 11000 | 59400.00 |
| 7 | अन्य व्यय | | | | | 5.4 | Hact. | 1100 | 5940.00 |
| 8 | भूमि एंव जल संरक्षण कार्य | | | | | 5.4 | Hact. | 19800 | 106920.00 |
| | **कुल योग (प्रथम चरण)** | | | | | | | | **496141.20** |
| 1 | गड्ढा भरान करना | 1 | 0.3 | 0.3 | 0.3 | 5.4 | Hact. | 2860 | 15444.00 |
| 2 | पौधौ की कीमत द्वितीय वर्ष बाजार मूल्य पर | - | - | - | - | 5.4 | Hact. | 5500 | 29700.00 |
| 3 | पौध ढुलान कार्य (75 प्रतिशत बैग तथा 25 प्रतिशत जड़ | - | - | - | - | 5.4 | Hact. | 15400 | 83160.00 |
| 4 | पौध रोपण तथा थावलाबन्दी कार्य | - | - | - | - | 5.4 | Hact. | 3630 | 19602.00 |
| 5 | निराई, गुड़ाई तथा मल्चिंग कार्य | - | - | - | - | 5.4 | Hact. | 2420 | 13068.00 |
| 6 | रासायनिक खाद व दवा | - | - | - | - | 5.4 | Hact. | 363 | 1960.20 |
| 7 | देख—रेख व रख—रखाव कार्य वर्ष में 8 माह | - | - | - | - | 5.4 | Hact. | 7500 | 40500.00 |
| 8 | वृक्षारोपण क्षेत्र अन्तर्गत सूखी घास—फूस जलाना आदि | - | - | - | - | 5.4 | Hact. | 600 | 3240.00 |
| 9 | सुरक्षा दीवार के बाहर 4 मी0 पट्टी साफ करना | - | - | - | - | 5.4 | Hact. | 430 | 2322.00 |
| 10 | प्रोत्साहन व्यय/प्रशिक्षण व्यय | - | - | - | - | LS | Hact. | 5000 | 5000.00 |
| 11 | अन्य व्यय | - | - | - | - | LS | Hact. | 7200 | 7200.00 |
| | **कुल योग (द्वितीय चरण)** | | | | | | | | **221196.20** |
| 12 | तृतीय चरण अन्तर्गत अनुरक्षण कार्य | - | - | - | - | 5.4 | Hact. | 14650 | 79110.00 |
| 13 | चतुर्थ चरण अन्तर्गत अनुरक्षण कार्य | - | - | - | - | 5.4 | Hact. | 14650 | 79110.00 |
| 14 | पंचम चरण अन्तर्गत अनुरक्षण कार्य | - | - | - | - | 5.4 | Hact. | 11850 | 63990.00 |
| **15** | **कुल योग (तृतीय चरण)** | - | - | - | - | | | | **222210.00** |
| **16** | सषटम चरण अन्तर्गत अनुरक्षण कार्य | - | - | - | - | 5.4 | Hact. | 11250 | 60750.00 |
| **17** | ससतंम चरण अन्तर्गत अनुरक्षण कार्य | - | - | - | - | 5.4 | Hact. | 11250 | 60750.00 |
| **18** | अष्टम चरण अन्तर्गत अनुरक्षण कार्य | - | - | - | - | 5.4 | Hact. | 11250 | 60750.00 |
| **19** | नवंम चरण अन्तर्गत अनुरक्षण कार्य | - | - | | | 5.4 | Hact. | 11250 | 60750.00 |
| **20** | दशम चरण अन्तर्गत अनुरक्षण कार्य | - | - | | | 5.4 | Hact. | 11250 | 60750.00 |
| **21** | वनीकरण क्षेत्र में अवरोधक निर्माण। | - | - | | | 48.00 | No. | 20000 | 960000.00 |
| | **कुल योग** | | | | | | | | **1263750.00** |
| | **महायोग क्षतिपूरक वृक्षारोपण** | | | | | | | | **2203297.40** |
| | | | | | | | | या | **2203156.80** |

2203156.80 हेतु आय का

मार्गचित्रकार
नैनीताल वन प्रभाग
नैनीताल

प्रभागीय वनाधिकारी